Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

>

Title : Need to impose President's Rule in Uttar Pradesh in the wake of alleged irregularities committed in the recently held municipality elections.

डॉ. राजेश मिश्रा : सभापति महोदय, मैं शून्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश की भयावह स्थिति की चर्चा करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान सरकार जब से सत्ता में आई है तब से वहां अपराधियों का राज हो गया है। कानून-व्यवस्था समाप्त् हो गई है और भ्रटाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। हमने नगर निकाय के चुनावों में देखा कि उत्तर प्रदेश में सरकार के ऊपर से लोगों का विश वास खत्म गया है। वोट डालने के 17 विकल्प दिए गए थे। ...(व्यवधान) सीधे विकल्प के रूप में ड्राइविंग लाइसेंस ...(व्यवधान)

सभापति महोदयः आप मूल विाय पर आइए।

डॉ. राजेश मिश्रा : नगर निकाय के चुनावों में जिन-जिन बूथों में कांग्रेस के वोट पड़ रहे थे, वहां सभी सरकारी अधिकारी जैसे डीएम, एसएसपी समाजवादी पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे थे और समाजवादी पार्टी के नेताओं के इशारे पर लगातार पब्लिक के ऊपर लाठी-चार्ज कराया गया। मेरे निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ...(व्यवधान)

सभापति महोदयः आपकी केन्द्र सरकार से क्या मांग है? यह एक स्टेट सबजैक्ट है।

डॉ. राजेश मिश्रा : उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने विधान सभा के घेराव की घोाणा की थी[r76]

दोपहर में डेढ़ बजे से दो किलोमीटर दौड़ाकर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्त्ताओं पर लाठीचार्ज कराया गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को पच्चीसियों लाठियां लगी हैं और कम से कम दो-तीन हजार कार्यकर्त्ताओं के सिर फटे हैं और हाथ टूटे हैं। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान भ्रट सरकार है जिसका विश्वास समाप्त हो गया है, जिसका कानून व्यवस्था में विश्वास नहीं है। उत्तर प्रदेश में जो आगामी विधानसभा का चुनाव है इसलिए वहां राट्रपति शासन लागू कर विधान सभा चुनाव कराया जाए।